समाचार

आयुष्मान कार्ड व वयवंदन योजना के कार्ड बनाने चलेगा विशेष अभियान

(कलेक्टर के मार्गदर्शन में लगेंगे विशेष कैम्प, डोर–टू–डोर भी जाएंगी टीमें)

(निगम आयुक्त ने ली संबंधितों की बैठक, तैयारियों की समीक्षा की, दिए आवश्यक दिशा निर्देश)

कोरबा 02 दिसम्बर 2024 – नगर निगम कोरबा क्षेत्र में आयुष्मान व वयवंदन योजना के कार्ड बनाए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा, इस हेतु कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में राशन वितरण केन्द्रों व अन्य निर्धारित स्थलों पर शिविर लगाए जाएंगे, साथ ही 70 वर्ष या इससे अधिक आयु वाले नागरिकों के कार्ड निर्माण हेतु टीमें उनके घर भी पहुंचेगी। निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने सर्वसंबंधितों की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना वयवंदन योजना के अंतर्गत 70 वर्ष व इससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठजनों को 05 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिए जाने का प्रावधान है, इसके

लिए सभी हितग्राहियों का के.वाई.सी. कर उनका वयवंदन कार्ड बनाया जाना हैं। वहीं जिन नागरिकों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, ऐसे शतप्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड भी एक विशेष अभियान चलाकर बनाया जाना हैं। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं उनके द्वारा प्रदान किए गए निर्देशों के तहत इस हेतु निगम क्षेत्र के राशन वितरण केन्द्रों एवं अन्य निर्धारित स्थलों पर 04 दिसम्बर से शिविर आयोजित किए जाएंगे। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि वार्डवार हितग्राहियों को सूचीबद्ध करते हुए शतप्रतिशत हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड व वयवंदन योजना के कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होने कहा कि कलेक्टर श्री अजीत वसंत से प्राप्त मार्गदर्शन व दिशा निर्देशों के तहत विशेष अभियान के रूप में कार्ड बनाने की कार्यवाही संचालित की जाएगी, जिन हितग्राहियों के आधार कार्ड अपडेट नहीं है, उन्हें अपडेट करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इसका व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने हेतु वार्ड एवं बस्तियों में तत्काल मुनादी करवाएं, ताकि सभी लोगों तक इसकी जानकारी त्वरित रूप से पहुंच सके तथा अधिक से अधिक लोग इन शिविरों में पहुंचकर अपने कार्ड बनवाएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने नगर निगम के वार्ड पार्षदों से भी आग्रह करते हुए कहा है कि शासन की इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे, सभी नागरिकों के आयुष्मान कार्ड व पात्रतानुसार वयवंदन कार्ड बनें, इस हेतु वार्ड पार्षदगण अपना महत्वपूर्ण सहयोग व सक्रिय सहभागिता प्रदान करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान कार्यक्रम की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए विस्तृत दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, निगम अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, सिटी प्रोग्राम मैनेजर श्रीमती ज्योत्सना ग्वाल, डॉ.अतीक सिद्दीकी, चिप्स से शिखा राजपूत, स्वास्थ्य विभाग से शिव राठौर, सी.एस.सी.मैनेजर राहुल सोनी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।